मोन्टफोर्ट कप बालिका क्रिकेट
अंतर्विद्यालयीन स्पर्धा 2019–20

दिनांक 14/01/2020 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय भोपाल के प्रांगण मोन्टफोर्ट कप बालिका क्रिकेट अंतर्विद्यालयीन स्पर्धा के द्वितीय दिवस के मैंच सतत् चलते रहे । दूसरे दिन के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महोदया मिस तमन्ना निगम – अंडर 23 इंडिया ग्रीन टीम और सीनियर इंडिया ब्लू टीम का जिन्होंने नेतृत्व किया आप विद्यालय में पधारे जिनकी अगवानी एवं स्वागत प्राचार्य आदरणीय ब्रदर मोनाचन के.के. द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि महोदया द्वारा दिए गये वक्तव्य में बालिकाओं और नारी सशक्तिकरण विषय पर चरचा करते हुए बालिकाओं को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दीएवं खेल कके महत्व पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में द्वितीय दिवस का समी. फाइनल मैच सेंट जोसेफ कोलार एवं सेंट मोन्ट फोर्ट ए टीम के बीच खेला गया जिसमें सेंट जोसेफ कोलार विजयी रहा। उसने ए टीम को 11 रन से हराया । इसी क्रम में फाइनल मैच बड़े उत्साह के साथ सेंट जोसेफ कोलार एवं सेंट जोसेफ को–एड अरेरा के बीच खेला गया। जिसमें सेंट जोसेफ को –एड अरेरा विजयी रहा। मैच में सर्वोत्तम खिलाड़ी एवं सर्वोत्तम बल्लेबाज का खिताब जानवी रावत सेंट जोसेफ को–एड अरेरा ने जीता । सर्वोत्तम गेंदबाज रिमसाह सेंट जोसेफ को–एड अरेरा को दिया गया। मैन ऑफ दी मैंच का खिताब जानवी रावत सेंट जोसेफ को–एड अरेरा ने प्राप्त किया सभी मैचों के निर्णायकगण (कोच) मिस अनामिका सिंह कार्मल कोन्वेट स्कूल भोपाल ˙ मिस प्रीति यादव – सेंट्रल जोन प्लेयर और मिस दिव्यांशी वर्मा – अन्डर 19 महिला टीम प्लेयर रहीं । सम्पूर्ण टूर्नामेन्ट में विद्यालय के खेल विभाग के शिक्षकगण श्रीमान कैलाश कटरवारा, ममता शर्मा , धर्मेश मिश्रा एवं उनके सहयोगियो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । इसी के साथ सभी खिलाड़ियो को पुरस्कार वितरण किए गए।

सभी दर्शकों ने तालियों की गर्जना करते हुए खिलाड़ियो का उत्साह बढ़ाया । अंत में टैगोर हाऊस के केप्टिन मास्टर उदित कोसे एवं माध्यमिक विभाग की गाइड हेड गर्ल दुर्वाश्री ने सभी का ध्न्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ खेलो का समापन किया गया।